# कृषि विज्ञान केन्द्र, आबूसर,झुन्झुनू
## (स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर)

क्रमांक;– केविके / जेजेएन / 2025–26 / 157

दिनांक: 26.08.2025

## ई–निविदा सूचना संख्या 01 / 2025–26

कृषि विज्ञान केन्द्र,आबूसर-,झुन्झुनू पर रबी फसल 2025–26 के लिए लगभग 55 है0 क्षेत्र मे व खरीफ, 2026 के लिये लगभग 20–25 है0 क्षेत्र में हिस्सा आधारित खेती निविदायें निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्युरमेंन्ट प्रक्रिया से ई–निविदा आमंत्रित कि जाती है।

| निविदा NIB /UBN No. | NIB code : SKA2526A0037<br>UBN is: SKA2526SLOB00071 |
|---|---|
| निविदा की अनुमानित कुल लागत | रू0 20.00 लाख |
| निविदा/आवेदन डाउनलोड करने की तारीख | 26.08.2025 से 04.09.2025 दोपहर 4:00 बजे तक |
| निविदा/आवेदन आन लाइन जमा करवाने की तारीख | 26.08.2025 से 04.09.2025 दोपहर 4:00 बजे तक |
| निविदा शुल्क प्रोसेसिंग शुल्क एंव धरोहर राशी का बैक डी.डी./बैंकर्स चैक कार्यालय में भौतिक रूप से मय निविदा फॉर्म जमा करवाने की तारीख | 04.09.2025 सांय 5.00 बजे तक |
| आन लाईन निविदा खोलने की तारीख | 05.09.2025 अपरान्ह 11.00 बजे |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेवसाइट http://raubikaner.org, http://eproc.rajasthan.gov.in एंव www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

# कृषि विज्ञान केन्द्र,आबूसर,झुन्झुनू
## (स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर)

क्रमांकः– केविके / जेजेएन / 2025–26 / 157 दिनांकः 26.08.2025

विषयः ई–निविदा सूचना संख्या –01 / 2025–26 के अन्तर्गत रबी फसल 2025–26 के लिए लगभग 55 है0 क्षैत्र मे व खरीफ, 2026 केलिये लगभग 20–25 है0 क्षेत्र में हिस्सा आधारित खेती निविदा निर्धारित प्रपत्र में ई टेन्डरिंग प्रक्रिया के माध्यम से ऑन लाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा फार्म की दर व प्रकृति | रू0 500.00 डी.डी. अथवा बैंकर्स चैक |
| 2. | निविदा संदर्भ | रबी फसल 2025–26 के लिए लगभग 55 हैक्टेयर क्षैत्र मे व खरीफ, 2026 के लिये लगभग 20–25 है0 क्षेत्र में हिस्सा आधारित खेती निविदा |
| 3. | निविदा प्रपत्र संलग्न | निविदा प्रपत्र |
| 4. | अनुमानित लागत | रू0 20.00 लाख |
| 5. | कार्यालय में भौतिक रूप से निविदा जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय | 04.09.2025 सांय 5.00 बजे तक |
| 6. | ऑन लाईन निविदा जमा करवाने की दिनांक व समय | 26.08.2025 से 04.09.2025 दोपहर 4:00 बजे तक |
| 7. | निविदा शुल्क प्रोसेसिंग शुल्क एंव धरोहर राशी का बैक डी.डी. / बैंकर्स चैक कार्यालय में भौतिक रूप से मय निविदा फॉर्म जमा करवाने की तारीख | 04.09.2025 सांय 5.00 बजे तक |
| 8. | ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 05.09.2025 अपरान्ह 11.00 बजे |
| 9. | ऑन लाईन निविदा खोलने का स्थान | कृषि विज्ञान केन्द्र,आबूसर,झुन्झनू |
| 10. | कार्य की अनुमानित अवधि | **रबी फसल 2025–26 व खरीफ फसल 2026** |

निविदा फार्म शुल्क रू0 500.00 व धरोहर राशि रू0 40,000.00 का डी.डी. अथवा बैंकर्स चैक वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष केविके आबूसर झुन्झुनू के नाम पर देय होगे। ई टेन्डरिंग प्रक्रिया राशि रू0 1000.00 का भुगतान हेतु डी.डी. Managing Director, RISL, Jaipur ( payable at Jaipur ) के नाम पर देय होगा।

**नोट– निविदा शुल्क प्रोसेसिंग शुल्क एवं धरोहर राशि के अभाव में निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।**

# कृषि विज्ञान केन्द्र, आबूसर–झुन्झुनूं
## (स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर)

**निविदा– प्रपत्र**

**कृषिविज्ञान केन्द्र, आबूसर –झुन्झुनू**

निविदा सूचना क्रमांकःकेवीके/जेजेएन/2025–26/157 दिनांक 26.08.2025

1. योजना का नाम : **रबी फसल 2025–26 के लिए लगभग 55 है0 क्षैत्र मे व खरीफ, 2026 के लिये लगभग 20–25 है0 क्षेत्र में हिस्सा आधारित खेती निविदा (केन्द्र फार्म पर बीज उत्पादन कार्य)**

2. बजट हेडः रिवोल्विंग फंड

3. कार्य की अनुमानित अवधि : रबी फसल 2025–26 व खरीफ, 2026 (दो सीजन)

4. धरोहर राशि की प्रकृति व राशिः **रू0 चालीस हजार मात्र,** कार्य पूर्ण होने पर वापिस देय होगा (रिफण्डेबल)

5 निविदादाता का नाम व पूरा पता –

6 नाम जो लेन देन करेगा मय अधिकार पत्र प्रति –

7 बैंक जिसके माध्यम से लेन देन करते हैं–

8 पैन नं0 व प्रति संलग्न करें –

9 निविदादाता द्वारा घोषणा पत्र की निविदादाता काली सूची में नही है –

10. निविदादाता/ कॉन्ट्रेक्टर द्वारा किये जाने वाले कार्य का विवरणः

| क्र. सं. | विवरण | हिस्सेदारी | |
|---|---|---|---|
| 1. | **चारा उपज** | **रबी फसल 2025–26 व खरीफ, 2026 में सम्पूर्ण चारा उपज (100 प्रतिशत) निविदादाता की ही होगी व कार्यालय का हिस्सा चारा उपज में शून्य प्रतिशत होगा।** | |
| 2. | **दाना/बीज उपज** | **रबी फसल 2025–26 व खरीफ, 2026 में निविदादाता द्वारा रखा जाने वाला हिस्सा (प्रतिशत) (निविदादाता को दोनो फसलो रबी फसल 2025–26 व खरीफ, 2026 का प्रतिशत एक समान ही दर्शाना होगा )** | |
| | | **रबी फसल 2025–26 व खरीफ, 2026 में निविदादाता द्वारा केन्द्र को दिया जाने वाला हिस्सा (प्रतिशत) (निविदादाता को दोनो फसलो रबी फसल 2025–26 व खरीफ, 2026 का प्रतिशत एक समान ही दर्शाना होगा )** | |

**निविदादाता के पूर्ण हस्ताक्षर मय तिथि**
**पूर्ण पता एंव मोबाईल नम्बर**

## कृषि विज्ञान केन्द्र,आबूसर,झुन्झुनू
## (स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर)

क्रमांकः– केविके / जेजेएन / 2025–26 / 157 दिनांक : 26–8–2025

**ई–निविदा सूचना संख्या–01 / 2025–26 के अन्तर्गत रबी फसल 2025–26 के लिए लगभग 55 है0 क्षैत्र में व खरीफ, 2026 के लिये लगभग 20–25 है0 क्षेत्र में हिस्सा आधारित खेती निविदा**

1. ई निविदा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, केविके आबूसर झुन्झुनू के नाम देय होनी चाहिये ।
2. निविदादाता को निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फोरमेट में http://eproc.rajasthan.gov.in वेवसाईट पर दिनांक 27.08.2025 से 04.09.2025 दोपहर 2:00 बजे तक डिजिटल साइन के साथ प्रस्तुत करना होगा तथा निविदाये केविके आबूसर झुन्झुनूँ के कार्यालय में दिनांक 05.09.2025 को दोपहर 11.00 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदाये खोली जावेगी। जिसके प्रस्ताव डिजिटल साईन के साथ ऑन लाईन जमा नही होगे उनके प्रस्ताव स्वीकार नही किये जायेगे। कोई भी प्रस्ताव अकेले भौतिक फार्म में स्वीकार नही होगे।
3. **ई निविदा के साथ उपरोक्त डीडी मुहर बंद लिफाफे में भौतिक रूप से कार्यालय में जमा करवानी आवश्यक हैं जिसके लिफाफे पर हिस्सा आधारित खेती के लिय ई निविदा तथा दिनांक 05.09.2025 लिखा होना चाहिये।**
4. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जावेगी ।
5. धरोहर राशी निविदा कार्य कि 2 प्रतिशत होगी ।
6. निविदादाता निविदा शर्तो का अध्ययन करने के पश्चात् ही निविदा प्रस्तुत करें तथा **प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता के हस्ताक्षर होने चाहिये ।**
7. **इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रपत्रों को जमा करवाने से पूर्व निविदादाता सुनिश्चित करले कि निविदा प्रपत्रों से सबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजो की स्केन कॉपी निविदा के साथ सलंग्न कर दी है ।**
8. निविदा दरें निविदा अनुमोदन के पश्चात् केवल रबी फसल 2025–26 व खरीफ 2026 के लिये ही मान्य होगी।
9. **निविदा के साथ ₹ 40,000/- (अक्षरे चालीस हजार मात्र) धरोहर राशि व निविदा प्रपत्र शुल्क ₹ 500 / – (अक्षरे पॉच सौ मात्र) बैक डी.डी. अथवा बैकर्स चैक के साथ जो कि वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, केविके आबूसर झुन्झुनू के नाम देय हो प्रस्तुत करें। ई टेण्डर प्रोसेसिंग फीस ₹ 1,000/- (अक्षरे एक हजार मात्र) बैक डी.डी. अथवा बैकर्स चैक के साथ जो कि मैनेजिग डायरेक्टर, आर.आइ.एस.एल.के पक्ष में व जयपुर में भुगतान योग्य होना चाहिये ।**
10. किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत / स्थगित / निरस्त आदि करने का अधिकार वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, केविके आबूसर झुन्झुनूँ के पास सुरक्षित रहेगा ।
11. सफल निविदादाता के अलावा सभी की धरोहर राशी निविदा अनुमोदन के पश्चात् सात दिन के अन्दर लौटा दी जावेगी। धरोहर राशी पर कोई ब्याज देय नही होगा ।
12. सफल निविदादाता यदि कार्य बीच में छोड़ देता है तो उसकी धरोहर राशी व करवाये गये कार्य का बकाया भुगतान जप्त करके भविष्य हेतु ब्लैक लिस्टेड घोषित कर दिया जायेगा ।
13. अनुबन्ध अवधि में किसी श्रमिक की दुर्धटना से मृत्यू या अन्य दुर्घटना घटित होने पर उससे उत्पन्न किसी प्रकार के विवाद की पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय की किसी प्रकार की जिम्मेदारी नही होगी और न ही किसी प्रकार की क्षतिपूर्ती राशी का भुगतान किया जायेगा और न ही इस सबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन से क्षतिपूर्ती की मांग की जावेगी ।
14. निविदादाता को तकनीकि बीड लीफाफा में देनी होगी जिसमें निम्न दस्तावेज संलग्न हो
    (क) रु.100 / –के एफिडेबिट पर यह देना होगा कि निविदादाता / फर्म / ऐजेन्सी किसी भी रूप में ब्लैक लिस्टेड नही है।
    (ख) निविदादाता / फर्म / ऐजेन्सी का पैन कार्ड की प्रतिलिपि व
    (ग) निविदादाता की आधार कार्ड की प्रतिलिपि

15. किसी भी विवाद का निपटारा करने हेतु वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, केविके आबूसर झुन्झुनू का निर्णय अन्तिम रूप से मान्य होगा एवं निविदादाता इसके लिये बाध्य होगा।

16. **निविदा के साथ अपलोड कि गई मूल टेण्डर शुल्क, टेण्डर प्रोसेसिंग शुल्क, धरोहर राशी एवं निविदा से सबंन्धित मूल शपथ पत्र इत्यादि भौतिक रूप से निर्धारित समयावधि में कार्यालय में जमा करवाना अनिवार्य होगा।**

17. सफल निविदादाता को नॉन ज्यूडिसियल स्टाम्प रू0 500/— पर इकरारनामा/अनुबन्ध कार्यालय में अगले 3 कार्य दिवस में प्रेषित करना होगा।

**निविदा की शर्ते निम्न प्रकार से होंगी:**

| | |
|---|---|
| 1. | ट्रेक्टर सम्बन्धी कार्य तथा डिस्क प्लाउ, हेरो, कल्टीवेटर द्वारा भूमि तैयारी कार्य, सीड ड्रिल द्वारा बुवाई, फर्टीलाजर ड्रिलिंग कार्य आदि की व्यवस्था केन्द्र द्वारा ही की जावेगी तथा इनसे सम्बन्धित डीजल खर्च एवं वाहन चालक व्यवस्था केन्द्र द्वारा ही की जायेगी व इन कार्यो में लगने वाले समस्त श्रमिक व्यय निविदादाता को ही वहन करने होंगें। |
| 2. | खेत की तैयारी के दौरान एवं फसल वृद्धि के दौरान लगने वाले बीज, खाद एवं उरर्वक, फंफूदनाशक, कीटनाशक, कल्चर आदि की आपूर्ति केन्द्र द्वारा ही की जायेगी। |
| 3. | खेत की तैयारी से लेकर फसल थ्रेसिंग एवं गोदाम तक तोलकर रखवाने तक की प्रक्रिया में लगने वाले श्रमिक व्यय निविदादाता को ही वहन करने होंगें। |
| 4. | निविदादाता को सिंचाई सम्बन्धी पाईप, फव्वारे, बेंड, टी, डाट आदि गिनकर लिखित रूप में प्राप्त करने होंगे तथा कार्य समाप्त होने तक सारी जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी एवं उतनी ही संख्या में गिनकर ही लौटाने होगें। उपरोक्त सामान के टूट जाने, खो जाने, क्षतिग्रस्त हो जाने पर जिम्मेदारी निविदादाता की होगी तथा सामान नया खरीदकर कार्यालय में जमा करवाना होगा अन्यथा धरोहर राशी से कटौती की जायेगी। |
| 5. | विभिन्न प्रकार की सस्य क्रियायें फार्म इंचार्ज व वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्षके निर्देशानुसार करनी होगी तथा श्रमिक व्यवस्था व उसका व्यय निविदादाता को वहन करना होगा। |
| 6. | थ्रेसिंग के बाद प्राप्त होने वाले बीज उत्पाद के बंटवारे के बाद कोन्ट्रेक्टर को केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित फसल निकालने के समय जो भी समर्थन मूल्य रहेगा उसके हिसाब से एवं जिन फसलों का समर्थन मूल्य निर्धारित नहीं हुआ हो उन फसलों का फसल उत्पाद गोदाम में जमा करवाने के समय झुन्झुनूँ कृषि उपज मंडी के 5 दिनों के औसत भाव के आधार पर उसके हिस्से के उत्पाद का चैक द्वारा भुगतान कर दिया जायेगा। **केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य के अलावा अन्य किसी प्रकार का बोनस देय नही होगा । किसी भी परिस्थिति में निविदादाता को उसके हिस्से का बीज या दाना नहीं दिया जायेगा।** |
| 7. | फसल कटाई के मामलों में कटी हुई फसलों को कहां इक्कठा करना है व कितने ढ़ेर बनाने हैं इसके लिए फार्म इंचार्ज से अथवा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष से सम्पर्क करना होगा तथा प्रतिकूल मौसमीय परिस्थितियों को देखते हुये फसल इक्कठा करने के लिये ट्रेक्टर ट्रोली की सुविधा केन्द्र द्वारा दी जा सकती है परन्तु यह शर्त केन्द्र के लिये बाध्य नहीं होगी। कटी हुई फसल को वर्षा अथवा तुफान से बचाने की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। |
| 8. | निराई गुड़ाई, कटाई, थ्रेसिंग तथा अन्य सम्बन्धित कार्य मौसम की स्थिति को देखते हुये निविदादाता को करने होगें। प्रतिकूल मौसम होने पर उक्त कार्य रोके जाने का अधिकार फार्म इंचार्ज अथवा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्षको होगा । |
| 9. | फसल की थ्रेसिंग के पश्चात् साफ किये फसल उत्पादन को बोरियों में भरकर फार्म इन्चार्ज/वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष द्वारा बताये अनुसार तोलकर गोदाम में बोरियों की ढांग निविदादाता को लगानी होगी। |
| 10. | थ्रेसिंग में लगे मशीनरी का खर्चा स्वयं निविदादाता द्वारा वहन करना होगा। केन्द्र का थ्रेसर उपलब्ध होने पर अन्य से थ्रेसिंग कार्य नहीं कराया जावेगा व केन्द्र कमेटी द्वारा तय दर का मूल्य केन्द्र में जमा करवाकर केन्द्र थ्रेसर से थ्रेसिंग करवानी होगी। |
| 11. | थ्रेसिंग के बाद फसल उत्पादन को खलिहान से गोदाम तक लाने के लिए फार्म ट्रेक्टर ट्रोली उपलब्ध करवादी जावेगी । |

| | |
|---|---|
| 12. | फसल में रोगिंग/अपवांछन कार्य फार्म इंचार्ज की देखरेख में निविदादाता को ही करना होगा। रोगिंग कार्य सही नहीं पाये जाने पर फार्म इन्चार्ज द्वारा अपने स्तर पर मजदूर लगाकर कार्य करवाया जायेगा तथा उसमें लगा हुआ खर्चा अंतिम भुगतान या जमा धरोहर राशि में से काट लिया जायेगा। |
| 13. | पम्प व ट्यूब वैल मोटर ओपरेशन निविदादाता को ही करना होगा व इनकी देखरेख व रखरखाव का कार्य भी निविदादाता को ही करना होगा। |
| 14. | ट्यूब वैल के विद्युत बिल का भुगतान केन्द्र फार्म द्वारा वहन किया जायेगा। |
| 15. | निविदादाता निविदा में अपना नाम व पता तथा मोबाईल नं0 स्पष्ट अक्षरों में लिखें एव पते का प्रमाण किसी उपयुक्त प्रमाण पत्र जैसे वोटर कार्ड/पेन कार्ड/ड्राइविंग लाईसेंस या बैंक पास बुक जिसमें फोटो लगी हो की एक प्रमाणित प्रतिलिपि निविदा के साथ संलग्न करें। |
| 16. | निविदादाता के पास हिस्सा आधारित खेती/बीज उत्पादन कार्यक्रम का कोई अनुभव हो तो उसकी प्रमाणित प्रतिलिपि निविदा के साथ संलग्न करें। |
| 17. | रबी फसलों की कटाई का कार्य मशीन से करवाने की अनुमति फार्म इंचार्ज अथवा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष से लेनी होगी व अनुमति न मिलने पर सभी फसलों की कटाई का कार्य मजदूरों से करवाना होगा एवं थ्रेसिंग कार्य फार्म इन्चार्ज/वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्षके समक्ष ही शुरू करवाया जायेगा। थ्रेसर की पूर्ण साफ सफाई से सन्तुष्ठी पश्चात् ही थ्रेसिंग कार्य करवाया जा सकेगा। |
| 18. | निविदादाता द्वारा रबी 2025–26 व खरीफ 2026 में केन्द्र फार्म पर विभिन्न कृषि कार्यों हेतु रखे जाने वाले श्रमिकों की पहचान का प्रुफ कार्यालय को उपलब्ध करवाना होगा। हिस्सा खेती में निविदादाता अथवा उसके श्रमिकों के साथ किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर निविदादाता ही उसका जिम्मेदार होगा। |
| 19. | बोई गई सभी फसलों में निराई–गुड़ाई आवश्यक रूप से करनी होगी। फसल पकने तक खडी फसल खरपतवार रहित होनी चाहिए। |
| 20. | निविदादाता द्वारा कुओं पर किसी प्रकार से बिजली से हिटर आदि उपकरण चलाने की इजाजत नहीं होगी। |
| 21. | किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा जैसे शीतलहर, ओलावृष्टी, टिड्डी का आक्रमण, अतिवृष्टि, तुफान या अन्य कोई प्राकृतिक आपदा आने पर निविदादाता को केन्द्र द्वारा किसी प्रकार की अनुदान, रियायत, मुवावजा व किसी प्रकार का फसल बीमा योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। |
| 22. | निविदादाता द्वारा सभी रवी व खरीफ फसलों में बताये गये अनुसार सही समय पर सिंचाई, निराई–गुड़ाई या अन्य आवश्यक कार्य नहीं किये जाने पर केन्द्र द्वारा गठित कमेटी इसका जायजा लेकर बीज उत्पादन में हुए नुकसान का आंकलन करेगी तथा नुकसान की भरपाई निविदादाता को फसल कटाई के बाद किये जाने वाले भुगतान में से कटौती करके की जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी व भविष्य हेतु ब्लेक लिस्टेड कर दिया जायेगा। |
| 23. | सफल निविदादाता को सभी रवी व खरीफ फसलो को कटाई होने तक पूर्ण रूप से खरपतवार रहित रखना होगा चाहे इस हेतु बार बार निराइ गुडाई करनी पडे, अन्यथा फसल नुकसान का आंकलन करके अन्तिम भुगतान से कटौती कर लि जावेगी । |
| 24. | सफल निविदादाता को 500 रू0 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र टाईप करवाकर तथा नोटेरी से प्रमाणित करवाकर कार्यालय में निविदा स्वीकृत होने के अगले 3 दिन मे कार्यालय में जमा करवाना होगा। जिसमें उपरोक्त शर्ते स्वीकार करते हुए कार्य करने की सहमति प्रदान की जाये एवं इसके अभाव में जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी तथा सफल निविदादाता को कार्य आदेश नहीं दिया जायेगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। |
| 25. | बिना कोई कारण बताये निविदा को निरस्त करने का अधिकार वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्षको होगा जो कि कॉन्ट्रेक्टर को मान्य होगा। |

मै (निविदादाता) को निविदा की समस्त शर्ते मंजूर है तथा मैं उपरोक्त शर्तों पर कार्य करने के लिये सहमत हूँ। कार्य सही नहीं पाये जाने पर निविदा निरस्त करके मेरी धरोहर राशि केन्द्र जब्त कर सकता है व भविष्य के लिये मुझे ब्लैक लिस्टेड किया जा सकता है।

निविदादाता के हस्ताक्षर दिनांक सहित

पूर्ण पत्र व्यवहार पता व मोबाईल नं0

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्षमुझें (निविदादाता) समस्त उपरोक्त शर्ते मैने पढ़ली है तथा मुझे मंजूर है एवं मैं उपरोक्त शर्तों पर कार्य करने के लिये सहमत हूँ।

हस्ताक्षर निविदादाता